Title: Demand to roll back the increased rate of electricity and continue the Eight hours power supply to the farmers of Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि राजस्थान में पहले किसानों को जो ५० पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती थी, उसको इस समय राजस्थान सरकार ने ३.६५ रुपये प्रति यूनिट कर दिया है। कहां तो ५० पैसे थी और कहां अब ३.६५ रुपये प्रति यूनिट हो गई है। सरकार ने मीटर किराया बढ़ा दिया है और सर्विस चार्ज भी बढ़ा दिये हैं। राजस्थान सरकार को भारत सरकार ने अकाल में जो मदद दी थी, वह अकाल का पैसा भी अभी बंटा नहीं है, दूसरी ओर बिजली के रेट बढ़ा दिये हैं। इसने किसान को और भी मार दिया है, हमने महा अकाल कर दिया है।

मेरा आपसे निवेदन करना यह है कि किसानों को आठ घंटे बिजली मिलनी चाहिए, जो मिल नहीं रही है। आज दो घंटे बिजली भी किसानों को नहीं मिलती है, जिससे किसान आन्दोलित हैं। भारत सरकार से जो पैसा मिला है, वह पैसा उनको दिया जाना चाहिए और इस समय जब अकाल पड़ा है, ऐसे समय पर बिजली के रेट बढ़ाना उपयुक्त नहीं है, इसलिए राजस्थान सरकार बिजली के बढ़े रेटस को वापस ले और किसानों को आठ घंटे बिजली मिले, यह मेरा आपके सामने निवेदन करना है।